छिंदवाड़ा | मंगलवार | 14 जुलाई 2026 | वर्ष 26 | अंक 96 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से



5 पंजाब में निजी स्कूल की मनमानी नहीं



4 पुलिस को चुनौती देता मादक कारोबार



9 कच्चे तेल की कीमतों में 3% से ज्यादा उछाल




9 `भारत ने जीता ऐतिहासिक लॉर्ड्स टेस्ट

# दतिया में महासंग्राम शुरू

## दतिया का उपचुनाव राजा और रंक के बीच : सीएम



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 13 जुलाई . मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को दतिया कलेक्ट्रेट पहुंचकर दतिया विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी का नामांकन-पत्र दाखिल कराया.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किला चौक पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दतिया का चुनाव एक सामान्य चुनाव नहीं रह गया है. दतिया का उपचुनाव राजा और रंक के बीच का चुनाव है. कांग्रेस ने राज परिवार से प्रत्याशी मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा से गरीब परिवार के सामान्य कार्यकर्ता आशुतोष तिवारी चुनावी मैदान में हैं. कांग्रेस को उनकी जमीन नहीं पता, लेकिन आसमान खरीदने की बात करते हैं.

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में दशकों से गायब हैं. इसके बावजूद भी कांग्रेस पार्टी और उसका गांधी परिवार जनता को भ्रम में रखने का प्रयास कर रहे हैं. कांग्रेस विकास की बजाय जनता को जाति-धर्म के नाम पर बांटने का कार्य करती है. आप पार्टी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं, मैं विश्वास दिलाता हूं कि दतिया के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी. पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा जीत का नया इतिहास लिखेगी. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि दतिया की जनता विकास, सुशासन और भाजपा की कल्याणकारी नीतियों के साथ खड़ी है. दतिया को प्रगति, समृद्धि के शिखर तक पहुंचाएंगे.

( शेष पेज 6 पर )

### जब नम आँखें हुईं डॉ. नरोत्तम मिश्रा की

भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने जनसभा में नम आँखों के साथ कहा कि यह चुनाव विकास, जनसेवा और सुशासन की विचारधारा को आगे बढ़ाने का है. दतिया विधानसभा का उपचुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच तो है ही, यह चुनाव अब राजा और रंक के बीच का है. कांग्रेस के उम्मीदवार राजघराने से आते हैं. वह चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं और हमारी पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी गरीब घर से आते हैं और उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र की सेवा को समर्पित किया है.

## घनश्याम सिंह ने भरा नामांकन



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 13 जुलाई. दतिया विधानसभा उपचुनाव के नामांकन के आखिरी दिन आज कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन के साथ चुनावी बिगुल फूंक दिया है. पार्टी प्रत्याशी कुंवर घनश्याम सिंह ने अपना नामांकन पत्र जमा किया।**

इससे पूर्व हुई बड़ी जनसभा में मंच पर प्रदेश के दिग्गज नेता जीतू पटवारी, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, पीसी शर्मा, अशोक सिंह, फूलसिंह बरैया, महेन्द्र बौद्ध, राजेन्द्र भारती मौजूद रहे। वहीं, इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बयान से सियासत गरमा गई है। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेकर निर्वाचन अधिकारी को नामांकन सौंपा दिया है. नामांकन के बाद भैरव मंदिर के पास आमसभा हुई। मीडिया से रुबरू होते हुए राजेंद्र भारती ने जीत का भरोसा जताया। उन्होंने अंगूठा दिखाकर कहा कि दतिया की जनता मन बना चुकी है। 2023 में जो जनादेश मिला था, वही 2026 में भी दोहराया जाएगा. भाजपा में टिकट कटने को लेकर मचे घमासान पर उन्होंने तंज कसा. नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने के सवाल पर बोले कि इससे सिर्फ कांग्रेसी ही नहीं, दतिया की आम जनता भी खुश है। 20 साल की सत्ता से लोग त्रस्त हो चुके हैं.

**दिग्विजय सिंह ने कहा कि चल हट:** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि हम सब एकजुट हैं। ( शेष पेज 6 पर )

## सुप्रीम कोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट

- सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई
- अयोध्या चढ़ावा प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की एंट्री



**नई दिल्ली, 13 जुलाई. अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे से जुड़ी गड़बड़ी और चोरी के मामले की सुनवाई सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई.**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार तथा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) से अब तक की जांच की स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया. न्यायालय ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट में एसआईटी के गठन, उसकी संरचना और अब तक की जांच की पूरी जानकारी शामिल होनी चाहिए. मामले की अगली सुनवाई 20 जुलाई को निर्धारित की गई है. सुनवाई के दौरान केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि एसआईटी अपनी स्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करेगी. इस पर पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में जांच दल से संबंधित सभी आवश्यक विवरण शामिल किए जाएं. अदालत ने मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य संभावित साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए ताकि जांच प्रक्रिया प्रभावित न हो.

## नागरिकता तय करने में निष्पक्ष प्रक्रिया जरूरी

**नई दिल्ली, 13 जुलाई।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को नागरिकता और विदेशी होने के दर्जे से जुड़े मामलों को निष्पक्ष, कानूनी और उचित प्रक्रिया के जरिए सुलझाने का फैसला सुनाते हुए गुवाहाटी उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें असम में 27 लोगों को विदेशी घोषित करने के आदेश दिए गए थे. न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सभी 27 अपीलों को मंजूरी देते हुए मामलों को दोबारा सुनवाई के लिए संबंधित विदेशी न्यायाधिकरण के पास वापस भेज दिया।

## 17 को पीजीआई पहुंचेंगे मोदी

**चंडीगढ़, 13 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 जुलाई को चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर का दौरा करेंगे. इस दौरान वे स्वास्थ्य क्षेत्र की तीन बड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे.**

यह जानकारी पीजीआईएमईआर के निदेशक प्रोफेसर विवेक लाल ने सोमवार को संस्थान के कैरों ब्लॉक में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी. प्रो लाल ने बताया कि पीएम मोदी एडवांस्ड न्यूरोसाइंसेज सेंटर और एडवांस्ड मदर एंड चाइल्ड सेंटर का उद्घाटन करेंगे। ये दोनों सेंटर अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगे. इसके साथ ही आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत बनने वाले 150 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास भी किया जाएगा.



तीन बड़ी स्वास्थ्य परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

### एक नजर में

#### फर्जी आईपीएस बन दिया पुलिस में भर्ती का झांसा

**जालंधर.** पंजाब में जिला जालंधर की शाहकोट पुलिस ने पंजाब पुलिस में भर्ती कराने का झांसा देकर 31.50 लाख रुपये की ठगी करने वाले एक फर्जी आईपीएस अधिकारी और उसके पिता तथा पत्नी को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, मोबाइल फोन, फर्जी पहचान पत्र और जाली दस्तावेज भी बरामद किये गये हैं. शाहकोट सब-डिवीजन के पुलिस उपाधीक्षक सरवन सिंह बल ने सोमवार को बताया कि इस संबंध में 17 जुलाई 2025 को थाना शाहकोट में एफआईआर की गयी थी.

#### काशी, मथुरा विवाद में मध्यस्थता से इनकार

**नई दिल्ली.** देश के तीन प्रमुख मंदिर-मस्जिद विवादों—वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद—को लेकर सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता पहल को दोनों पक्षों ने अस्वीकार कर दिया है. बार एंड बेंच के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने समाधान समारोह 2026 पहल के तहत इन मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हिंदू और मुस्लिम पक्षों को पत्र भेजकर मध्यस्थता के लिए सहमति मांगी थी। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए अदालत में मुकदमा लड़कर ही अंतिम निर्णय प्राप्त करने की इच्छा जताई है. सुप्रीम कोर्ट परिसर में 21 से 23 अगस्त तक समाधान समारोह 2026 के अंतर्गत विशेष लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है.

### गुस्ताखी माफ




## अमेरिका बनेगा समुद्री मार्ग का संरक्षक : ट्रम्प

- जहाजों से 20 प्रतिशत शुल्क लेने की योजना
- होर्मुज की सुरक्षा संभालेगा अमेरिका



**वाशिंगटन, 13 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बड़ा बयान दिया. उन्होंने कहा कि अमेरिका इस रणनीतिक समुद्री मार्ग की सुरक्षा और संचालन की जिम्मेदारी संभाल सकता है.**

ट्रंप ने कहा कि इस काम के लिए अमेरिका को आर्थिक भुगतान मिलना चाहिए. ट्रंप ने इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य का संरक्षक बन सकता है. उन्होंने कहा कि इस जलमार्ग की सुरक्षा के लिए होने वाले खर्च की भरपाई जरूरी है, क्योंकि इससे कई अमीर देश लाभान्वित होते हैं। रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने संकेत दिया कि होर्मुज की सुरक्षा व्यवस्था के बदले व्यावसायिक जहाजों से उनके माल के मूल्य का 20 प्रतिशत तक शुल्क लिया जा सकता है. उनका कहना है कि यह राशि समुद्री सुरक्षा पर होने वाले खर्च को पूरा करने के लिए इस्तेमाल की जाएगी.

### ईरान की रिवेंज लिस्ट में ट्रंप-नेतन्याहू समेत 13 बड़े नाम शामिल

**तेहरान, 13 जुलाई.** ईरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई के पहले सार्वजनिक बयान ने नई बहस शुरू कर दी है। ईरानी मीडिया में जारी एक ऑनलाइन ग्राफिक में 13 अंतरराष्ट्रीय नेताओं को कथित तौर पर रिवेंज लिस्ट में शामिल दिखाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस सूची में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को मुख्य निशाने के तौर पर दिखाया गया है।

## अंकित शर्मा हत्या मामले में ताहिर हुसैन दोषी

- नाले से बरामद किया गया था अंकित का शव
- नाजिम, कासिम, अनस और जावेद भी दोषी करार



**नई दिल्ली, 13 जुलाई. दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या के मामले में सोमवार को फैसला सुनाते हुए पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन को हत्या सहित कई आरोपों में दोषी ठहराया.**

अदालत ने ताहिर हुसैन के साथ नाजिम, कासिम, अनस और जावेद को भी हत्या, अपहरण, दंगा करने तथा विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने से जुड़े अपराधों में दोषी माना. वहीं, छह अन्य आरोपियों को आरोपों से बरी कर दिया गया। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया. मामले में कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था. अभियोजन पक्ष के अनुसार, फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा लापता हो गए थे. अगले दिन उनका शव चांदबाग पुलिया के पास एक नाले से बरामद हुआ था. इसके बाद अंकित शर्मा के पिता की शिकायत पर दयालपुर थाने में ताहिर हुसैन और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि दंगों के दौरान हिंसक भीड़ को उकसाने और घटनाक्रम में ताहिर हुसैन की भूमिका रही.

## तमिलनाडु में गोहत्या पूर्ण प्रतिबंध पर उच्चतम न्यायालय ने लगायी रोक

**नई दिल्ली, 13 जुलाई. उच्चतम न्यायालय ने बकरीद या किसी अन्य दिन तमिलनाडु में कहीं भी गायों और बछड़ों के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर आज रोक लगा दी।**

उच्चतम न्यायालय की न्यायमूर्ति विक्रम नाथ एवं न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती देने वाली तमिलनाडु सरकार की विशेष अनुमति याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया तमिलनाडु सरकार ने तर्क दिया कि यह आदेश तमिलनाडु पशु संरक्षण अधिनियम, 1958 एवं अन्य लागू कानूनों के विपरीत है, जो पशु वध को विनियमित करते हैं, लेकिन पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाते हैं। मद्रास उच्च न्यायालय ने 27 मई को बकरीद के दौरान वध के विनियमन की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पूरे तमिलनाडु में गायों और बछड़ों के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था।

## लॉर्ड्स टेस्ट जीतकर हरमनप्रीत ने रचा इतिहास

**लंदन, 13 जुलाई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने लॉर्ड्स में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 270 रन से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर भारत की सबसे सफल महिला टेस्ट कप्तान बन गईं।**

उनकी कप्तानी में भारत ने पांच टेस्ट मैचों में चौथी जीत हासिल की, जबकि पूर्व कप्तान मिताली राज के नेतृत्व में टीम ने आठ टेस्ट में तीन जीत दर्ज की थीं।

पहली पारी में 115 रन की बढ़त मिलने के बाद भारत ने दूसरी पारी सात विकेट पर 341 रन बनाकर घोषित की और इंग्लैंड को 457 रन का लक्ष्य दिया। दूसरी पारी में यास्तिका भाटिया ने 113 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि स्मृति मंधाना ने 70 और ऋचा घोष ने नाबाद 50 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की दूसरी पारी 186 रन पर सिमट गई।

भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए, जिसमें स्मृति मंधाना ने 83, हरमनप्रीत कौर ने 58 और दीप्ति शर्मा ने 53 रन की पारियां खेलीं। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 170 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने पांच विकेट लेकर लॉर्ड्स के ऑनर्स बोर्ड में अपना नाम दर्ज कराया. भारत की ओर से स्नेह राणा ने चार विकेट, जबकि दीप्ति शर्मा, सायली सतघरे और क्रांति गौड़ ने अहम सफलताएं हासिल कर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई.



## बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी केस का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- एसआईटी ने पुलिस रिमांड मांगी
- सीसीटीवी और बरामद सामान के आधार पर जांच तेज

**गोपेश्वर ( चमोली ), 13 जुलाई. बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं के चढ़ावे से जुड़ी कथित चोरी और अनियमितता के मामले में चमोली पुलिस की विशेष जांच दल ( एसआईटी ) ने मुख्य आरोपी तथा बदरी-केदार मंदिर समिति के निलंबित पर्सनल असिस्टेंट प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार कर सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय, गोपेश्वर में पेश किया।**

पुलिस ने अदालत से आरोपी की पुलिस रिमांड की मांग करते हुए कहा कि मामले में धन के प्रवाह (मनी ट्रेल) और अन्य संभावित कड़ियों की जांच अभी जारी है। पुलिस के अनुसार, 12 जुलाई की रात देहरादून के नेहरू कॉलोनी स्थित आवास से प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया गया। उन्हें चमोली लाकर बद्रीनाथ थाने में पूछताछ की गई, जहां मंदिर समिति के चार कर्मचारियों से भी बयान लिए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी से मामले में अन्य संभावित व्यक्तियों की भूमिका को लेकर भी सवाल किए गए।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए स्वयं को निर्दोष बताया। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई है. पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान आरोपी को कई बार मोबाइल फोन के नीचे तथा जेब में मंदिर के चढ़ावे से संबंधित धनराशि और अन्य भेंट सामग्री ले जाते हुए देखा गया।

अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा ( चंदा ) गबन और चोरी मामले में गिरफ्तार सभी 8 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए और बढ़ा दी गई है. वर्तमान स्थिति :वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी के बाद आरोपियों की न्यायिक रिमांड बढ़ाई गई है, और अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी. इसी बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी ( सीईओ ) के पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. निर्धारित पात्रता के अनुसार आवेदक की आयु 50 से 70 वर्ष के बीच तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक होनी चाहिए. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 जुलाई 2026 शाम 4 बजे निर्धारित की गई है.

### सीएम डॉ. यादव ने की घोषणा | प्रदेश में सेमीकंडक्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना होगी

## 40 हजार करोड़ का निवेश, 34 हजार को रोजगार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 13 जुलाई. एमटी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में मप्र में मप्र को 40 हजार करोड़ रुपए का बड़ा निवेश मिला है. इससे प्रदेश में 34 हजार नए रोजगार के अवसर बनेंगे. पिछले दो टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में भी 46 हजार करोड़ रुपए का निवेश मिला था.**

जीआईएस-2025 के बाद से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में ही मप्र में 12 हजार करोड़ रुपए के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं. इस अवधि में 22 नई औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और 4 नई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है.

यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए दी. इस दौरान मुख्यमंत्री ने आईटी सेक्टर के लिए बड़ी घोषणाएं भी की. उन्होंने कहा कि इंदौर के सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में 3 एकड़ में अत्याधुनिक आईटी पार्क विकसित किया जाएगा. लगभग 3 लाख वर्ग फीट निर्मित क्षेत्र वाले इस परिसर में जीसीसी, आईटी एवं डिजिटल सेवा कंपनियों के लिए विश्वस्तरीय कार्यालय उपलब्ध कराए जाएँगे. इसी तरह प्रदेश में सेमीकंडक्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जो कौशल विकास, अनुसंधान, उद्योग सहयोग एवं क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित करेगा.

( शेष पेज 6 पर )



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई गति प्रदान करते हुए 20 नई औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी आधारित इकाइयों का लोकार्पण किया. इन इकाइयों में 178.70 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 1229 नए रोजगार सृजित होंगे. ये इकाइयां मुख्य रूप से इंदौर, भोपाल और जबलपुर के आईटी पार्कों में स्थापित की गई हैं.